सोनौली सरहद पर नशीले इंजेक्शनों की तस्करी का भंडाफोड़

सोनौली (महराजगंज)। (आज) भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सोनौली सीमा के मुख्य गेट के पास रविवार सुबह चेकिंग के दौरान 1503 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। मौके से एक आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त की गई। बरामद इंजेक्शनों में बुप्रेनोर फिन, डाइजापाम और प्रोमेथाजीन हाइड्रो क्लोराइड शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में भारत-



नेपाल सीमा पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सोनौली सीमा के मुख्य गेट के पास संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। जांच के दौरान कार सवार प्रेम चन्द पुत्र संतराम, निवासी जुगौली, थाना सोनौली को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। **तीन प्रकार के 1503 इंजेक्शन बरामद** पुलिस की ओर से

◆1503 इंजेक्शन बरामद◆पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सीमा के मुख्य गेट के पास की कार्रवाई◆तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार जब्त

जारी विवरण के मुताबिक, बरामदगी में 511 एम्पुल बुप्रेनोरफिन, 499 एम्पुल डाइजापाम और 493 एम्पुल प्रोमेथाजीन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन शामिल हैं। कुल 1503 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। टीम ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही हरियाणा नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार (एचआर 72डी 6317) को भी जब्त कर लिया। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना सोनौली में मु.अ.सं. 96/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22/23 में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया है। **पुलिस-एसएसबी की संयुक्त टीम रही शामिल** कार्रवाई थानाध्यक्ष सोनौली विशाल कुमार शुक्ला के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में सोनौली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार पटेल, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार,का.अनूप मिश्रा शामिल रहे। एसएसबी की ओर से उपनिरीक्षक रामलाल, हेड कां. करमवीर प्रताप गहलोत, कां. नवनीत कुमार ने कार्रवाई में हिस्सा लिया।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के गुरौली में ससुराल के दहेज में 2 लाख रुपया नहीं मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति और ससुराल के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के गुरौली निवासिनी नीतू निषाद पत्नी पुनेश की शादी 24 नवंबर 2024 को हुई थी। दहेज में 5 लाख रुपया नकद, बाइक, जेवरात सहित अन्य सामान उपहार में दिए गए थे। विदाई के बाद जब ससुराल पहुंची तो कम दहेज लाने का ताना मारते हुए लोग प्रताड़ित करने लगे। मायके से 2 लाख रुपए और लाने का दबाव बनाने लगे। जानकारी मिलने पर मायके लोग 1 लाख रुपया और दिए। लेकिन प्रताड़ना कम नहीं हुआ। इसकी बीच ससुर विवाहिता के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर ससुराल के लोग मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति पुनेश,सास बासमती, ससुर सोमई ,ननद खुशबू, रिंकी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, मारपीट जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

मामा-भांजे में मारपीट,मामा का सिर फटा

नौतनवा/महराजगंज (आज)। कस्बे के सिद्धार्थनगर मोहल्ले में बीती रात खाना मांगने को लेकर मामा और भांजे के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इस दौरान ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने से मामा बिरजू का सिर फट गया, जबकि भांजे रोहन के हाथ में चोट लग गई। मिली जानकारी के अनुसार, बिरजू के घर रात में मुर्गा बना था। इसी दौरान उसका भांजा रोहन खाना मांगने पहुंचा। बिरजू ने खाना खत्म होने की बात कही, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई। इस संबंध में कार्यवाहक थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

◆ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने से दोनों घायल,पुलिस थाने ले गई

रास्ते से बाइक हटाने की बात को लेकर मनबढ़ों ने पिटा केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर निवासी लाल जी पुत्र जय करन चार भाई है। जिनके अलग रहते है। शनिवार को भतीजा रास्ते में बाइक रखा था। उसे हटाने के लिये कहा तो मनबढ़ उसे गाली गलौज करते हुए ईट पत्थर से मारपीट कर दंपत्ति को घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपी रामकिशुन,संगीता,पूनम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ट्रेलर की टक्कर से युवक का पैर फैक्चर

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के हटवा दूबेपुरा निवासी राजेश कुमार दूबे पुत्र दिनेश प्रसाद दूबे ट्रेलर की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित के तहरीर पर ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक पीड़ित राजेश कुमार दूबे राम जानकी-मार्ग पर अपने घर साइड से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राजेश का पैर फ्रैक्चर हो गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद

◆गोला पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं थाना प्रभारी सीपी पाण्डेय के अनुसार पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 125(बी) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

ट्रक की टक्कर से बीच सड़क पर पलटा कंटेनर

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के कसरवल हाईवे कट के पास रविवार सुबह एक कंटेनर पलट जाने से अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 10 बजे एक कंटेनर बस्ती से गोरखपुर की तरफ जा रहा था। कसरवल हाईवे कट के पास सामने अचानक कार आ जाने पर कंटेनर चालक ने ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने कंटेनर में टक्कर मार दी, जिससे कंटेनर बीच सड़क पर पलट गया।



घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर कसरवल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और कंटेनर को

◆हाईवे पर अफरा-तफरी

सीधा कराया। चौकी इंचार्ज मृत्युंजय सिंह ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। कार को बचाने के प्रयास में यह घटना हुई।

थोड़ी देर के लिए जाम लगा था, जिसे जेसीबी से गाड़ी को किनारे कराकर खुलवा दिया गया।

गर्भवती महिला की हत्या,तीन हिरासत में

रूद्रपुर (देवरिया)। (आज) कोतवाली क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर के सरकारी आवास से एक गर्भवती विवाहिता का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चांद बारी निवासी चमन लाल विश्वकर्मा की पत्नी गुड़िया के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की खातिर धारदार हथियार से हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका की मां लालमति देवी के अनुसार, 25 अक्टूबर 2026 की रात करीब 12:55 बजे पीआरवी 7016



के माध्यम से उन्हें इस अनहोनी की सूचना मिली। उन्हें बताया गया कि गुड़िया रुद्रपुर सीएचसी परिसर स्थित उसकी ननद पूर्णिया विश्वकर्मा के सरकारी आवास में मृत पड़ी है। खबर

◆परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जब परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने गुड़िया के शव को देखा। परिजनों का दावा है कि मृतका के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे और सिर पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था। एकौना थाना क्षेत्र के करहकोल गांव की रहने वाली मृतका की मां लालमति देवी (पत्नी स्वर्गीय हरिहर विश्वकर्मा) ने रुद्रपुर कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। उनका कहना है कि करीब चार-पांच साल पहले गुड़िया की शादी चमन लाल विश्वकर्मा के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल के लोग दहेज में अतिरिक्त नकदी और गाड़ी की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे इनकी मांगें पूरी करने में असमर्थ थे। पीड़ित मां ने इस मामले में पति चमन लाल विश्वकर्मा, ननद पूर्णिया विश्वकर्मा, सास उर्मिला देवी, जेठ अभिमन्यु विश्वकर्मा और जेठानी वन देवी कुल पांच लोगों को नामजद किया है।

मायके पक्ष का आरोप है कि इन्हीं लोगों ने मिलकर उनकी बेटी की निर्ममता से जान ली है। इस दर्दनाक घटना के बाद से मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मायके पक्ष ने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मारपीट के आरोप में पति समेत पांच पर केस दर्ज

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के नेवरा गांव की एक महिला की तहरीर पर क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार के निर्देश पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में नेवरा गांव निवासी करिश्मा यादव ने बताया कि उनकी शादी करीब चार वर्ष पहले अजय यादव पुत्र रामप्रवेश यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अजय यादव, सास सोनमती देवी, ससुर रामप्रवेश यादव, जेठ अमित यादव उर्फ पप्पू यादव और जेठानी रेनू देवी उन्हें दहेज को लेकर प्रताड़ित

◆महिला ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने,घर से निकालने का लगाया आरोप

करते थे। महिला का आरोप है कि ससुराल के लोग आए दिन उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे तथा घर से बाहर निकाल देते थे। करिश्मा ने तहरीर में आरोप लगाया कि उनके देवर पंकज उर्फ आनंद यादव ने शादी में मिले जेवर और बर्तन बेच दिए। वहीं, पति के अपनी भाभी रेनू देवी के साथ कथित प्रेम संबंध का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। महिला के मुताबिक, बीते 15 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि उन्हें लात-घूंसों, लाठी-डंडों और पानी की पाइप से पीटा गया, जिससे उन्हें चोटें आईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने और जान से मारने का प्रयास किया गया। इसके बाद उन्हें घर से निकाल दिया गया और मायके वालों को भी धमकी दी गई। क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार के निर्देश पर गोला पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 115(2), 352 और 351(3) के साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं 3 और 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

युवक की ट्रेन से कटकर मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के भरवल निवासी एक 35 वर्षीय युवक की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, भरवल निवासी राजू गोंड (35) पुत्र पलटू गोंड रविवार सुबह करीब 10 बजे घर से किसी काम से सीहापार जा रहा था। दिन में करीब 11 बजे सीहापार हाल्ट के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई मृतक दो भाइयों में छोटा था और उसकी 4 वर्ष की एक बच्ची है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्रांपए तहसील गोला की मासिक बैठक सम्पन्न

गोलाबाजार (गोरखपुर)। क्रांतिकारी पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की तहसील ईकाई गोला की पहली मासिक बैठक रविवार को गोला उपनगर स्थित साहू मैरिज हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, पत्रकारों की एकता और उनके हितों की रक्षा को लेकर गहन मंथन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलासंरक्षक हरे कृष्ण दूबे ने कहा कि क्रांपए उ.प्र. का गठन ही पत्रकारों के मान-सम्मान और उनके हितों की रक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण अंचल का पत्रकार सबसे ज्यादा संघर्ष करता



है। बिना किसी संसाधन के वह सच को सामने लाता है, लेकिन जब उस पर कोई संकट आता है तो उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। हमारी कोशिश है कि ऐसी स्थिति में संगठन उसके साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि पत्रकार संगठन एक परिवार है। जब एक पत्रकार पर हमला होता है तो यह पूरे लोकतंत्र पर हमला होता है। हमारा संगठन शासन-प्रशासन से पत्रकारों की सुरक्षा,बीमा, उत्पीड़न पर रोक और सम्मान की लड़ाई लड़ता रहेगा। उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि तहसील गोला इकाई जनपद में एक मिसाल बनेगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिलासंरक्षक सदन तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम आशीष तिवारी एवं संचालन तहसील अध्यक्ष पदमाकर मिश्रा ने किया। बैठक में तहसील के कई पत्रकारों ने सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में प्रदेश प्रमुख संरक्षक बृजनाथ तिवारी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में रमाशंकर यादव राज नारायण ओझा, राजेश दीक्षित, सीताराम पांडेय आकाश सिंह, नौशाद खान, आनंद कुमार मौर्य, जयवीर यादव, राम विनय तिवारी, आलोक त्रिपाठी ,सत्य प्रकाश शुक्ला राकेश भट्ट आदि पत्रकार मौजूद थे।

दुर्गा पूजा सकुशल संपन्न कराने पर थाना प्रभारी खोराबार को लोगों ने दी बधाई

जगदीशपुर (गोरखपुर)। थाना खोराबार के प्रभारी सुधांशु सिंह द्वारा दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। और पूजा आयोजन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस क्षेत्र में 216 मूर्तियों को विसर्जन कराया प्रशासन की सराहना की गई। क्षेत्रीय लोगों ने अवध बिहारी कशौधन, अवधेश कुमार जायसवाल, अक्षय त्रिपाठी, श्याम बिहारी निषाद अन्य व्यापारी गण और कहा कि पुलिस की सतर्कता, मुस्तैदी और बेहतर व्यवस्था के चलते दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोगों ने थाना प्रभारी खोराबार एवं उनकी पूरी पुलिस टीम के प्रति आभार



व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई।

एक करोड़ बासठ लाख से तीन सड़कों का लोकार्पण,एक का शिलान्यास

बड़हलगंज (गोरखपुर)। नगर पंचायत मे रविवार को एक करोड़ बासठ लाख रुपये की लागत से तीन सड़को का लोकार्पण और एक का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत की चेयरमैन डॉ. प्रीति महेश उमर के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। वार्ड संख्या आठ तिलक नगर में करीब 65 लाख रुपये की लागत से गोला तिराहा स्थित मुन्ना तिवारी की दुकान से दयाशंकर मिश्र के घर तक से रम्पत यादव के घर होते हुए



सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। इसी वार्ड में परीक्षित गौड़ के घर सोनू वर्मा के घर होते हुए मोहन लाल गुप्त के घर तक करीब 36 लाख रुपये की लागत से नाली युक्त सीसी सड़कों का निर्माण कराया गया है। विधायक ने इन तीनों सड़कों का लोकार्पण किया।इसके अलावा वार्ड संख्या 15 बाबा जलेश्वर नाथ नगर में थाने के बगल से अनिल यादव के घर होते हुए बाबा ज्वेलर्स तक करीब 26 लाख रुपये की लागत से ढक्कनदार नाली युक्त सीसी सड़क का शिलान्यास विधायक राजेश त्रिपाठी, चेयरमैन डॉ. प्रीति महेश उमर द्वारा किया? गया। महेश उमर, सभासद राकेश राय, सुनील यादव, धनंजय यादव, राजीव मिश्रा, सूरज सोनकर, रवि निषाद, दीपक शर्मा, सुदीप वर्मा, ऋषि चंद, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार निगम, भाजपा नेता दुर्गेश मिश्र, विनय तिवारी, दिनेश यादव, मजनू राय, अभय राय, दयाशंकर मिश्र, संतोष जा., वीरेंद्र यादव, ओम प्रकाश यादव, अरविंद सिंह, मनमोहन पटवा, पवन यादव, दिलीप निगम, गिरीश श्रीनिवास सोनी के हाते तक करीब 35 लाख रुपये और जय गुरुदेव के घर से जायसवाल, हरपाल नागवानी, डॉ. परमहंस सिंह, लालजी वर्मा, आनंद त्रिपाठी, अमरनाथ उमर, राजीव पांडेय, विनोद नायक, गुड्डू पांडेय, अनंत नारायण गुप्त, मुख्तार यादव, बृजेश उमर, प्रदीप यादव, शिवाजी सिंह मास्टर, किशोरी लाल ज., राधे निगम, सोनू वर्मा, अनूप जायसवाल, संजय मौर्य, विराज त्रिपाठी, मोहन निगम, मोहन मद्धेशिया, अतुल शाही और धर्मेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

तबादले के बाद भी कार्यमुक्त नहीं हुए पुलिसकर्मी, भाजपा नेता ने सीएम को लिखा पत्र

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) स्थानांतरण आदेश जारी होने के बावजूद पुलिसकर्मियों को कार्यमुक्त नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र जा. ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर नौतनवा थाने में तैनात उपनिरीक्षक संजय प्रसाद और अग्निशमन विभाग के फायरमैन मो. इकबाल को कार्यमुक्त किए जाने में हो रही देरी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्य मंत्री को भेजे पत्र में श्री जा. ने कहा है कि उपनिरीक्षक संजय प्रसाद का करीब दो माह पहले स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन उन्हें अब तक कार्य मुक्त नहीं किया गया है।

वहीं, नौतनवा में तैनात फायरमैन मो. इकबाल का भी श्रावस्ती जनपद के लिए स्थानांतरण होने के बावजूद कार्यमुक्ति लंबित होने की बात कही गई है। भाजपा नेता ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि उपनिरीक्षक संजय प्रसाद के कार्य व्यवहार को लेकर पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बावजूद स्थानांतरण आदेशों का अनुपालन नहीं होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने 23 अक्टूबर को जिले में एक ही थाने पर तीन वर्ष या उससे अधिक समय से तैनात करीब 350 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कर तत्काल नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। ऐसे में पूर्व में स्थानांतरित पुलिस कर्मियों की कार्य मुक्ति में देरी को लेकर सवाल उठाए गए हैं। श्री जायसवाल ने मुख्य मंत्री से पूरे प्रकरण का संज्ञान लेकर स्थानांतरण आदेशों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट कराने, नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

पदयात्रा महाअभियान से पहले बाबा घवलेश्वर नाथ मंदिर में मायाशंकर शुक्ल ने किया पूजन-अर्चन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में जन संपर्क बढ़ाने, लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए जरूरी पहल करने के उद्देश्य से प्रस्तावित चार दिवसीय पदयात्रा महा अभियान के शुभारंभ से पहले माया शंकर शुक्ल का कारवां बासुदेवपुर, धुरियापार स्थित प्रसिद्ध बाबा घव लेश्वर नाथ मंदिर पहुंचा।

यहां उन्होंने देवाधिदेव महादेव और संकट मोचन हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इस दौरान पदयात्रा महा अभियान के बैनर और फूलों से सजे वाहनों के साथ पहुंचे लोगों ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया। कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था। स्थानीय लोग भिन्न-भिन्न तरीकों से स्वागत् की कड़ी में सबसे अनूठे अंदाज में उत्साह पूर्वक बुल डोजर से स्वागत् पुष्पवर्षा आकर्षण केन्द्र का बना रहा। भाजपा नेता अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान जिला पंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल ने बताया कि हम चिल्लूपार विधानसभा पद यात्रा अभियान के माध्यम से क्षेत्र



◆जनसमस्याएं सुनने और समाधान के लिए चार दिवसीय पदयात्रा का आयोजन

कि समस्या के समाधान के लिए पूर्ण रूप से संकलित हैं, इस चार दिवसीय के लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए संबन्धित स्तर पर आवश्यक पहल करने का उद्देश्य रखा गया है। पदयात्रा का कारवां धुरियापार से आगे बढ़ते हुए पहाड़पुर, मुरारपुर, बनगांव, बेलपार, बरईपार, बनवार पार, सड़सड़ा, चंदौली से विश्राम स्थल गोपालपुर प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचा जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मदन पाण्डेय, मनीष राय, चौकड़ी प्रधान रामलोचन कसौधन, सीताराम साहनी, पवन तिवारी, प्रवीण राय, विजय मिश्रा, रिंकू तिवारी, शुभम् राय, हर्षू राय, भोजपुरी गायक गोविन्द शुक्ल, संतोष ठाकुर, मनीष राय, चौकड़ी प्रधान राम लोचन कसौधन, सीताराम साहनी, पवन तिवारी, प्रवीण राय, विजय मिश्रा, रिंकू तिवारी, शुभम् राय, हर्षू राय, भोजपुरी गायक गोविन्द शुक्ल, संतोष ठाकुर, पीयूष द्विवेदी, ज्ञान मिश्रा, जितेन्द्र यादव, बब्लू शुक्ल सहित सैकड़ों चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोग मौजूद रहे।

बागपत,एनईआर और मेरठ के पहलवानों ने मैट पर बिखेरा जलवा

सहजनवां (गोरखपुर)। शहीद रवीन्द्र सिंह एवं भारत भीम स्व0 जनार्दन सिंह की स्मृति में सहजनवां के मुरारी इंटर कॉलेज में चल रही सीनियर स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप-2026 के दूसरे दिन भी विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों के बीच जोर आजमाईश हुई। सटीक दांव-पेच, तकनीकी कौशल, फुर्ती के दम पर बागपत, एनईआर और मेरठ पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देकर जीत हासिल की और विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। पुरुषों के 130 किलो भार वर्ग के ग्रीको रोमन स्टाइल में बागपत के उत्तम राना ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। हापुड़ के शक्ति सिंह ने रजत पदक और नंदिनीनगर के अनुज कुमार और बुलंदशहर के रजत तोमर ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। 97 किलोभार वर्ग के ग्रीको रोमन स्टाइल में बागपत के विशेष चौहान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। एनईआर के विरेश कुंडू ने रजत, मेरठ के निशांत कुमार और बुलंदशहर के निशांत ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया।

87 किलो भार वर्ग में मेरठ के मानव शर्मा ने स्वर्ण, संतकबीरनगर के शिवम यादव ने रजत और नंदिनीनगर के मोंटी और महाराजगंज के अभिषेक कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। 82 किलो भार वर्ग में एनईआर के भागवत सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल कर बाजी मारी। मुजफ्फरनगर के निशांत मलिक ने रजत, यूपी पुलिस के दयानंद और



अयोध्या के विक्रांत सिंह ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। दूसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्राम विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान जी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप विधायक गोंडा सदर प्रतीक भूषण ने पहलवानों से परिचय हासिल कर किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि कुश्ती हमारी समृद्ध भारतीय परंपरा और गौरवशाली खेल संस्कृति का

◆सहजनवां के मुरारी इंटर कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय सीनियर स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी हुए रोमांचक मुकाबले◆बागपत के उत्तम राना और विशेष चौहान, मेरठ के मानव शर्मा और एनईआर के भागवत सिंह ने विभिन्न भार वर्गों में हासिल किया स्वर्ण पदक

अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गोंडा के विधायक प्रतीक भूषण ने कहा कि युवाओं को खेल भावना, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए। खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संघर्षशीलता और टीम भावना भी विकसित करता है। प्रतियोगिता के आयोजक एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष आदित्य सिंह आगू ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान पन्नेलाल यादव, अंतरराष्ट्रीय पहलवान राकेश सिंह जी, सहजनवां के पूर्व विधायक यशपाल रावत जी,पूर्व मंत्री जी एम सिंह,पूर्व राज्य मंत्री विभ्राट चंद कौशिक जी,पूर्व प्रमुख अजीत शाही जी, पूर्व प्रमुख सुधीर सिंह, दिलीप यादव जी प्रमुख पिपरौली, रामनाथ यादव,पहलवान साधु यादव,राजेश सिंह बरवल ,जयराम सिंह जी अनिल सिंह जी समेत कई लोग उपस्थित रहे।